# खाटू के राजा कभी किरपा नजरिया भजन लिरिक्स

खाटू के राजा कभी किरपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे,
राजा महाराजा कभी किरपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे, ओ श्याम बाबा,
खाटु के राजा कभी किरपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे।bd।

तर्ज – उज्जैन के राजा कभी।

---

अहलवती का तू है प्यारा सा ललना,
पिता घटोत्कच झुलाए है पलना,
खाटू का रहने वाला लीले घोड़े वाला,
भक्तो को तारना रे, ओ श्याम बाबा,
खाटु के राजा कभी किरपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे।bd।

---

तीन बाण धारी तेरी महिमा निराली,
घर घर में पूजा जाता श्याम बिहारी,
सारी दुनिया में बाबा बजे तेरा डंका,
हम पे भी डालना रे, ओ एक नजरिया,
खाटु के राजा कभी किरपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे।bd।

---

हमेशा रहना बाबा संग संग हमारे,
कहते है तुमको हारे के सहारे,
तीन बाण धारी तेरी महिमा निराली,
‘नविन’ को तारना रे, ओ श्याम बाबा,
खाटु के राजा कभी किरपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे।bd।

---

खाटू के राजा कभी किरपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे,
राजा महाराजा कभी किरपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे, ओ श्याम बाबा,
खाटु के राजा कभी किरपा नजरिया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com